जय प्रकाश विश्वविद्यालय

राहुल सांकृत्यायान नगर, छपरा–841301, बिहार (भारत)

JAI PRAKASH UNIVERSITY

RAHUL SANKRITYAYAN NAGAR, CHAPRA-841301, BIHAR (INDIA)

registrar-jpu-bih@nic.in website:www.jpv.bih.nic.in

Letter No.- 6421 (R) Dated:- 17.11.26

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
सभी अंगीभूत / संबद्ध / सरकारी एवं प्रस्तावित महाविद्यालय,
छपरा / सीवान / गोपालगंज।

विषय :- स्नातक (UG) CBCS (Choice Based Credit System) पर आधारित सत्र 2026-2030 के प्रथम सेमेस्टर में नामांकित छात्र-छात्राओं के पंजीयन प्रपत्र एवं शुल्क जमा करने के संबंध में।

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि स्नातक प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2026-2030 (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) में नामांकित सभी छात्र-छात्राओं का पंजीयन समर्थ पोर्टल (jpv.samarth.edu.in) के माध्यम से किया जाएगा।

पंजीयन की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :-

1. छात्र-छात्रा सर्वप्रथम अपने महाविद्यालय से सूचीकरण संख्या (Enrollment Number) प्राप्त करेंगे।
2. तत्पश्चात् विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल (jpv.samarth.edu.in) पर जाकर New Registration करेंगे एवं Login करने के उपरान्त सत्र 2026-2030 के प्रथम सेमेस्टर हेतु Course Selection करेंगे।
3. Course Selection अपने विभागाध्यक्ष / प्राचार्य अथवा प्राचार्य द्वारा अधिकृत पदाधिकारी के परामर्शानुसार ही किया जाएगा।
4. Course Selection के उपरान्त छात्र-छात्रा पंजीयन शुल्क ₹ 600/- (छः सौ रुपये मात्र) पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे।
5. शुल्क जमा करने के उपरान्त छात्र-छात्रा शुल्क रसीद एवं Course Selection की दो-दो प्रतियों के साथ मूल प्रवजन प्रमाण-पत्र (Original Migration Certificate) अपने महाविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

नोट :-पंजीयन करने की प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत User Guidelines समर्थ एडमिशन पोर्टल https://jpvadm.samarth.edu.in/index.php पर उपलब्ध हैं। छात्र-छात्रा पंजीयन करने से पूर्व उक्त Guidelines का अवलोकन अवश्य कर लें।

उपयुक्त प्रक्रिया सभी नामांकित छात्र-छात्राओं के लिए अनिवार्य है। निर्धारित अवधि में पंजीयन नहीं कराने की स्थिति में संबंधित छात्र-छात्रा का नामांकन रद्द माना जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित छात्र-छात्रा की होगी।

पंजीयन की अवधि : दिनांक 18.11.2026 से 25.11.2026 तक

पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त महाविद्यालय द्वारा पंजीकृत छात्र-छात्राओं का विषयवार विवरण (Excel File में) के साथ शुल्क रसीद, Course Selection एवं मूल प्रवजन प्रमाण-पत्र की एक-एक प्रति विश्वविद्यालय में दिनांक 27.11.2026 तक अनिवार्य रूप से जमा कर दी जाए।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जाए।

17.11.26

17.11.26

विश्वासभाजन

17/11/2026

(प्रो० (डॉ०) नारायण दास)
कुलसचिव
जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा

D /Registration cell/ 2